# यूपी में 12 लाख करोड़ से गाढ़ा हो रहा निवेश का रंग

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** उत्तर प्रदेश में निवेश का रंग साल दर साल गाढ़ा होता जा रहा है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) के अब तक 12 लाख करोड़ की परियोजनाएं धरातल पर उतरी जा चुकी हैं। जीबीसी-5 में पांच लाख करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य भले ही रखा गया है, लेकिन इसे और भी बढ़ाने की तैयारी है। इंवेस्ट यूपी ने इसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी माह अयोध्या में कार्यक्रम से पहले जीबीसी-5 की तैयारियों के लिए बैठकों का दौर शुरू हो चुका है। इवेंट कंपनियों को जिम्मेदारियां देने के लिए टेंडर निकाल दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री जीबीसी के सहारे यूपी में निवेश लाकर उद्यमियों के सहारे युवाओं को रोजगार के साधन उपलब्ध करा रहे हैं। अब तक चार जीबीसी हो चुके हैं और अब पांचवें की तैयारी है। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री कार्यालय से यूपी को तैयारी करने के लिए हरी झंडी दे दी गई है। कार्यक्रम स्थल के चयन को लेकर अधिकारियों ने दौरा शुरू कर दिया है।



## अब तक जीबीसी

| जीबीसी | निवेश( रु) | परियोजनाएं |
|---|---|---|
| 1 | 61,792 करोड़ | 81 |
| 2 | 67,202 करोड़ | 290 |
| 3 | 80,224 करोड़ | 1,406 |
| 4 | 10,01,056 करोड़ | 14,701 |
| 5 | लक्ष्य 5 लाख करोड़ के निवेश का है | |

## कई क्षेत्रों में निवेश होगा

इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी, रक्षा उत्पादन, नवीकरणीय ऊर्जा और खाद्य प्रसंस्करण जैसे विविध क्षेत्रों में निवेशकों से करार की तैयारी चल रही है। यूपी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वर्ष 2017 में सरकार बनने के बाद सबसे पहले वर्ष 2018 में जीबीसी की शुरुआत हुई।